मेरी विनती सुनो गणराज

धुन-आ लौट के आजा मेरे मीत

मेरी विनती सुनो गणराज ll,
मुझे बस तेरा सहारा है ll
*मेरे बिगड़े बना दो काज ll,
मुझे बस तेरा सहारा है,,,
(मेरी विनती सुनो गणराज,
मुझे बस तेरा सहारा है)
मेरी विनती सुनो,,,,,,,

लम्बे सफ़र में, मुश्किल डगर में,
तूने किया है उजाला l
रास्ता दिखाया, चलना सिखाया,
तूने हमेशा संभाला l
सारे जग में है तेरा राज,,, ll,
मुझे बस तेरा सहारा है l
*मेरे बिगड़े बना दो काज ll,
मुझे बस तेरा सहारा है,,,
(मेरी विनती सुनो गणराज
मुझे बस तेरा सहारा है)
मेरी विनती सुनो,,,,,,,

दुनियाँ के मेले, पर हम अकेले,
कोई भी संगी ना साथी l
तूँ संग ऐसे, रहता है जैसे,
दीपों में रहती है बाती l
मैं सुर हूँ, तूँ मेरा साज़,,, ll,
मुझे बस तेरा सहारा है l
*मेरे बिगड़े बना दो काज ll,
मुझे बस तेरा सहारा है,,,
(मेरी विनती सुनो गणराज,
मुझे बस तेरा सहारा है)
मेरी विनती सुनो,,,,,,,

मेरी ये आशा, हो ना निराशा,
विश्वास टूटे ना मेरा l
वरदान दे के, शुभ ज्ञान दे के,
जीवन में कर दो सवेरा l
मेरे भाग जगा दो आज,,, ll,
मुझे बस तेरा सहारा है l
*मेरे बिगड़े बना दो काज ll,
मुझे बस तेरा सहारा है,,,

(मेरी विनती सुनो गणराज
मुझे बस तेरा सहारा है)
मेरी विनती सुनो,,,,,,,

अपना बेगाना, तूने ना जाना,
तूने निभाए हैं नाते।
निर्धन भिखारी, राजा पुजारी,
तुझको सभी लोग भाते।
तूँ सबकी बचाए लाज ll,
मुझे बस तेरा सहारा है।
*मेरे बिगड़े बना दो काज ll,
मुझे बस तेरा सहारा है,,,
(मेरी विनती सुनो गणराज
मुझे बस तेरा सहारा है)
मेरी विनती सुनो,,,,,,,
अपलोडर- अनिलरामूर्तीभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21518/title/meri-vinti-suno-ghanraj

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |